राधे राधे बुलाना

नहीं कोई चलेगा बहाना
राधे-राधे बुलाना

वृंदावन की स्वामिनी राधे
राधे बिना खुद कृष्ण भी आधे
जाने है सारा जमाना
राधे-राधे बुलाना

सेवा कुंज में सेवा करतें
राधे नाम के मोती बिखरे
मधुबन में रास रचाना
राधे-राधे बुलाना

राधे राधे जो मन बोले
जन्मों के भव बंधन खोलें
है अनमोल खजाना
राधे-राधे बुलाना

प्रेम प्रीत की मर्यादा है
राधा राधा बस राधा है
गोपाल न राधे भुलाना
राधे-राधे बुलाना

हेमन्त गोयल गोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34138/title/radhe-radhe-bulana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |